पाठ – 3
चिड़ा – चिड़िया

1) श्रुतलेख लिखो –

1. पत्नी
2. घोंसला
3. चिरैया
4. बुद्धि
5. बुलवाऊँगा
6. बटोरूँगा
7. प्रेम
8. पहलवान
9. जंगल
10. किसान

2) सही उत्तर पर ठीक (✔) का निशान लगाइए –

(क) दाल किसके अंदर होती हैं ?

(i) फूल के अंदर ☐ (ii) फली के अंदर ☑ ✔

(ख) चावल कहॉ से आता हैं ?

(i) धान से ☑ ✔ (ii) गेहूॅ से ☐

3) उचित शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए –

[हल, धान, खेत, दाना, खिचड़ी]

(क) किसान **खेत** में अनाज उगाता है।

(ख) चिड़िया अपने बच्चे को **दाना** खिलाती है।

(ग) बढ़ई लकड़ी से **हल** बनाता है।

(घ) दाल–चावल मिलाकर **खिचड़ी** बनाई जाती है।

(ड.) ओखली में **धान** कूटा जाता है।

4) दिए गए शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द लिखिए –

1. चिड़ा – चिड़िया
2. बूढ़ा – बुढ़िया
3. गुड्डा – गुड्डी
4. शेर – शेरनी
5. मोर – मोरनी
6. ऊँट – ऊँटनी

5) दिए गए वाक्यों में प्राणी या वस्तु के नामों पर घेरा 0 लगाइए –

(क) मैनें खिचड़ी खाई।

(ख) मेंढ़क टर्र–टर्र शोर करता है।

(ग) हम धान काटेंगे।

(घ) हरे पत्ते लहराऍंगे।

6) दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(क) बच्चे को चुप कराने के लिए किसान की पत्नी ने क्या किया ?
उत्तर – बच्चे को चुप कराने के लिए किसान की पत्नी ने रोटी का टुकड़ा उसके मुँह में डाल दिया।
(ख) छोटा बच्चा रोटी क्यों नहीं खा सकता है ?
उत्तर – दॉंत नहीं होने के कारण छोटा बच्चा रोटी नहीं खा सकता है।
(ग) चिड़िया अपने बच्चों को खिचड़ी क्यों खिलाना चाहती थी ?
उत्तर – चिड़िया अपने बच्चों को रोटी का टुकडा गले में न फॅंस जाए इसलिए खिचड़ी खिलाना चाहती थी।
(घ) खेत किससे जोता जाता है ?
उत्तर – खेत हल से जोता जाता है।

7) शब्दों के अर्थ लिखिए –

1. **अकल की खोटी – कम अक्लवाली**
2. **जन – लोग**
3. **सजीले – सुंदर**
4. **चिरैया – चिड़िया**
5. **पसीना बहाना – मेहनत करना**
6. **बटोरना – इकट्ठा करना**